# AH-1416 CV-19

## M.A. (Previous)

**Term End Examination, 2019-20**

**HINDI**

**Paper-I**

प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य

**Time: Three Hours** **[Maximum Marks: 100]**
**[Minimum Pass Marks:36**

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।**

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्ही तीन की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए— 10X3

(क) "माधव की कहब सुन्दरि रूपे।
कतन जतने बिहि आनि समारल,
देखलनयन सरूपे।।
पल्लव–राज चरन–युग सोभित,
गति गजराजक माने।
कनक–कदलि पर सिंह समारल,
तापर मेरू समाने।।
मेरू ऊपर दुइ कमल फुलाएल,
नाल बिना रूचि पाई।
मनि–मय हार धार बहु सुरसरि,
तें नहिं कमल सुखाई।।"

(ख) "मन लागा उन मन सों,
उन मन मनहि विलग।।
लूंण बिगला पाणियों,
पाणी लूंण बिलग।।
पांणी ही तै हिम भया,
हिम है गया बिलाइ।
जो कुछ था सोई भया,
अब कछू कह्य न जाए।।"

(ग) "मा बैसाख तपनि अति लागी।
चेआ चीर चंदन मा आगी।।
सुरूज जरत हिवंचल ताका।।
जरत बजागिन करू, पिउ! छाहाँ।
आई बुझाउ, अंगारन्ह मांहाँ।।
तोहि दरसन होई सीतल नारी।
आई आगि तें करू फुलवारी।।"

(घ) "याकी सीख सुनै ब्रज को रे?
जकी रहनि कहनि अनमिल, अलि,
कहत समुझि अति थोरे।।
आपुन पद–मकरंद सुधारस,
हृदय रहत नित बोरे।
हमसों कहत बिरस समझौ,
है गगन कूप खनि खोरे।।
धान को गाँव प्यार ते जानो,
ज्ञान विषय रस मोरे।
सूर सो बहुत कहे न रहै,
रस गूलर को फल फोरे।।"

(ङ.) "सुनि कपि बचन बहुत खिसियाना।
बेगि न हरहु मूढ़ कर प्राना।।
सुनत निसाचर मारन धाए।
सचिवन्ह सहित बिभीषनु आए।।
नाइ सीख कहि बिनय बहूता।
नीति बिरोध न मारिअ दूता।।
आन दंड कछु करिअ गोसाँई।

सबहीं कहा मंत्र भल भाई।।
सुनत बिहसि बोला दसकंधर।
अंग–अंग करि पठइअ बंदर।।"

(च) "जोरा–जुगति सिखाए सबै,
मनौ महामुनि मैन।
चाहत पिय अद्वैतता,
कानन सेवत नैन।।
अजौ तरयौना ही रह्यौ,
श्रुति सेवत इक–रंग।
नक–बास बेसरि रह्यौ,
बसि मुकुतनु कै संग।।"

2. 'विद्यापति की रचना एकांत माधुर्य एवं विलास की वस्तु है, साधना की नहीं।"इस कथन की समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

"कबीर प्रकृति से क्रांतिकारी, स्वभाव से समाज–सुधारक और अनुभूति के कवि थे" इस कथन की समीक्षा कीजिए।

अथवा

"जायसी का विरह वर्णन हिन्दी साहित्य की अमूल्य निधि है।" इस कथन पर अपने विचार सोदाहरण व्यक्त कीजिए।

3. भ्रमर गीत में सूर की भक्ति पद्धति का विश्वलेषण कीजिए। 15

अथवा

सुन्दर कांड के कथ्य एवं शिल्प पर प्रकाश डालिए।

अथवा

"बिहारी का विरह–वर्णन अतिश्योक्तिपूर्ण है"– इस मत से आप कहाँ तक सहमत हैं? उदाहरण सहित समझाइए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए– 5X4
   1. मीरा की भक्ति भावना।
   2. पद्माकर का प्रकृति–चित्रण।
   3. रसखान की काव्य–भाषा।
   4. केशव का कला–पक्ष।
   5. भूषण की राष्ट्रीय भावना।
   6. रैदास का संक्षिप्त परिचय।
   7. अमीर खुसरो का हिन्दी साहित्य को योदान।
   8. देव की श्रृंगार भावना।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं दस के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए– 2X10=20
   1. पद्मावत किस भाषा में लिखी गई है?
   2. भूषण ने अपनी रचानाएं किस भाषा में लिखी है?
   3. रीतिमुक्त कवि का नाम लिखिए
   4. हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग किस काल को माना जाता है
   5. कबीर को वाणी का डिक्टेटर किसने कहा था?
   6. अष्टछाप के संस्थापक का नाम बताइए।
   7. विद्यापति किस भाषा के कवि थे?
   8. मीरा बाई के गुरू का नाम बताइये।
   9. सूफी कवियों को क्या कहा जाता है?
   10. पद्माकर किस धारा के कवि हैं?
   11. रीति शब्द का अर्थ क्या हैं?
   12. भ्रमर गीत का उद्देश्य क्या है?
   13. तुलसीदास को किस विद्वान ने सर्वप्रथम लोकनायक कहा?
   14. अमीर खुसरो किस काल के कवि है?
   15. अमीर खुसरो की एक पहेली लिखिए?
   16. 'सुजान रसखान' किस की रचना है?
   17. 'बीजक' के कवि कौन है?
   18. कबीर के गुरू कानाम बताइए।
   19. पद्मावत कि नायक का नाम बताइए।
   20. सूरदास किस भाषा के कवि हैं?